F.Y.
September 2016

Reg. No.

Name ....

**403**

# First Year Higher Secondary Improvement Examination

**Part - II**

**HINDI**

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours
Cool off time : 15 Minutes

***General Instructions to Candidates :***

- There is a 'Cool off time' of 15 minutes in addition to the writing time of 2½ hrs.
- You are neither allowed to write your answers nor to discuss anything with others during the 'cool off time'.
- Read the questions carefully before answering.
- All questions are compulsory and only internal choice is allowed.
- When you select a question, all the sub-questions must be answered from the same question itself.
- Electronic devices except nonprogrammable calculators are not allowed in the Examination Hall.

HSSLIVE.IN

**सूचना :** निम्नलिखित कवितांश पढ़िये और 1 से 4 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखिए ।

आशा से अंकुर झूलेंगे
पल्लव पुलकित होंगे,
मेरे किसलय का लघुभव यह,
आह, खलेगा किनको ?
सिहर भरी कँपती आवेंगी
मलयानिल की लहरें,
चुंबन लेकर और जगाकर-
मानस नयन नलिन को ।

**प्रश्न :**

1. यह कवितांश किस कविता से लिया गया है? **(1)**

2. कविता के 'नयन' शब्द का समानार्थी शब्द कोष्ठक से चुनकर लिखिए ।
(कमल, आँख, हवा, लहर) (1)

3. मलयानिल की लहरें कैसे आती हैं? (2)

4. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखिए । (6)

**सूचना :** निम्नलिखित खंड पढ़िये और **5** से **10** तक के प्रश्नों का उत्तर लिखिए ।

हरिनारायण रोज़ शराब पीकर आता था । पत्नी और बच्चों को खूब मार-पीट करता था । बच्चे मुकुंद और आनंद पढ़ाई में होशियार थे । लेकिन घर का माहौल बुरा होने से वे अच्छी तरह पढ़ नहीं सकते ।

पत्नी ने बहुत दु:खी होकर हरिनारायण से कहा, ''तुम अपनी बुरी आदतें छोड़ दो । बच्चे तो बड़े हो गये । कालिज में साथी उन्हें शरमाते हैं ।'' हरिनारायण पर उसकी बातों का कोई असर नहीं हुआ । वह शराब पीता रहा ।

घर के माहौल पर विवश होकर आनंद और मुकुंद ने एक उपाय ढूँढ लिया । उन्होंने ऐसा नाटक किया कि वे रोज़ शराब पीकर आते हैं और घर की सारी चीज़ें बाहर फेंक देते हैं । उन्होंने आपस में लड़ाई की और पिता से भी लड़ाई की ।

पत्नी ने कहा, ''पिता को देखकर ही बच्चा सारा काम पढ़ता है ।'' पत्नी ने अपने पती की आँखें खुला दी । उसने शराब पीना बंद किया ।

हरिनारायण ने अपने बच्चों से विनती की, ''प्यारे बच्चो, शराब मत पीना । यह बुरी आदत हमारा सर्वनाश करेगी ।''

ये बातें सुनकर आनंद और मुकुंद बहुत खुश हो गये । अपने समझदार बेटों पर माँ गर्व करने लगीं ।

(माहौल - situation, शराब - liquor, शरमाना - to tease)

HSSLIVE.IN

**प्रश्न :**

5. आनंद और मुकुंद अच्छी तरह पढ़ नहीं सकते । क्यों? (1)

6. बच्चे शराब पीकर आने लगे । इस पर पत्नी ने हरिनारायण से क्या कहा? (1)

7. पिता की बुरी आदत बदलने के लिए बच्चों ने क्या नाटक किया? **(2)**

8. अपनी बुरी आदत पर हरिनारायण पश्चात्ताप करता है । पत्नी और हरिनारायण के बीच का संभावित वार्तालाप तैयार कीजिए । **(7)**

9. खंड का संक्षेपण कीजिए । **(6)**

10. संक्षेपण के लिए उचित शीर्षक लिखिए । **(1)**

**सूचना :** निम्नलिखित **11** से **16** तक के प्रश्नों का उचित हिंदी शब्द कोष्ठक से चुनकर मिलान कीजिए।

| |
|---|
| गोपनीयता, रद्द करें, अंतर्जाल, प्रक्रिया, खोज, खाता [illegible], बातचीत |

11. Cancel

12. Chats

13. Internet

14. Privacy

15. Process

16. Sign in **(6)**

HSSLIVE.IN

**सूचना :** निम्नलिखित दोहा पढ़िये और प्रश्न **17** और **18** के उत्तर लिखिए ।

बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलिया कोय ।
जो दिल खोजौं आपना, मुझसा बुरा न कोय ।।

17. 'कोई' शब्द के लिए दोहे में प्रयुक्त शब्द कोष्ठक से चुनकर लिखिए ।
(खोज़ौं, देखन, आपना, कोय) **(1)**

18. दोहे का भावार्थ लिखिए । **(4)**

**सूचना :** जुलूस नाट्यरुपान्तर के इब्राहिम अली का निम्नलिखित कथन पढ़िए और प्रश्न 19 का उत्तर लिखिए ।

इब्राहिम अली : दारोगा साहब । मैं आपको इतमीनान दिलाता हूँ की किसी किस्म का दंगा-फसाद न होगा ।

: वापस तो हम न जाएँगे । आपको या किसी को हमें रोकने का हक नहीं ।

: आप बेटन चलाएँ दारोगाजी ।

**19.** इस कथन के आधार पर इब्राहिम अली के चरित्र पर टिप्पणी लिखिए । **(4)**

HSSLIVE.IN

**20.** निम्नलिखित अंग्रेजी बातचीत का हिंदी में अनुवाद कीजिए ।

Kiran : Sooraj, do you have a pet?

Sooraj : Yes. I have a parrot, I call her 'sweety'.

Kiran : What do you feed him with?

Sooraj : Some fruits and bread.

Kiran : Do you feel happy, taking care of your pet?

Sooraj : Yes, I feel good.

( Pet – पालतू जीव, Parrot – तोता, feed with – खिलाना, bread – रोटी ) **(6)**

21. **सूचना :** डायरी लिखिए ।

यात्री का मन संघर्ष से भरा था । वह अपना संघर्ष डायरी में लिख रहा है । वह डायरी लिखिए ।

**सहायक बिंदु :**

- असलम की मृत्यु की खबर
- असलम के प्रति अपना व्यवहार
- हमदर्दी का अभाव
- पश्चात्ताप से उत्पन्न अनुताप

(7)

**सूचना :** निम्नलिखित **22** से **26** तक के प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों का उत्तर लिखिए ।

**(3 × 8 = 24)**

22. सूचकों के आधार पर किसी एक मनपसंद फिल्म की समीक्षा कीजिए ।

**सहायक बिंदु :**

- फिल्म का कथासार
- पात्रों का अभिनय
- निदेशक की भूमिका
- पटकथा, संवाद, छायांकन, संपादन, गीत आदि
- फिल्म की समग्रता पर अपना दृष्टिकोण

HSSLIVE.IN

23. 'क्लीन' कंपनी की ओर से एक नये मोडल का मिक्सर ग्राइन्डर का आविष्कार किया है । उसकी बिक्री बढ़ाने के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

**सहायक बिंदु :**

- शक्तिशाली मोटर
- कठिन काम भी आसानी से करे
- काम में दम आवाज़ भी कम
- पाँच साल की वारंटी
- फ्रूट फिल्टर मुफ्त

24. निम्नलिखित विषय पर सहायक बिंदु के आधार से सम्पादकीय तैयार कीजिए ।

विषय : 'प्रदूषण – जैव मण्डल का अस्तित्व संकट में'

**सहायक बिंदु :**

- प्रदूषण – जल, वायू और मिट्टी
- प्रदूषणजन्य रोग
- कूड़े-कचरे से बायोगैस
- जैव कृषि का महत्व

25. निम्नलिखित सुर्खियाँ पढ़िए ।

| माँ को अस्पताल में छोड़कर बेटी चली गयी । |
|---|

| भोजन और कपड़े के बिना बूढ़े लोगों का जीवन |
|---|

| बूढ़ों के प्रति हमारे मनोभाव में बदलाव होना चाहिए – मंत्री |
|---|

बूढ़ें लोगों की वर्तमान भयावह स्थिति को सूचित करनेवाली अनेक घटनाएँ बड़ी संख्या में रिपोर्ट की जा रही है । इसे रोकने के लिए समाजकल्याण विभाग द्वारा की जानेवाली कारवाईयों की जानकारी पाने के लिए सूरज कुमार, सुरभि निवास, के.आर.पूरम, कन्नूर की ओर से सार्वजनिक सूचना अधिकारी, समाजकल्याण विभाग, तिरुवनन्तपुरम, केरल के नाम सूचना अधिकार पत्र तैयार कीजिए ।

HSSLIVE.IN

26. मान लीजिए 'दुःख' कहानी का पात्र दिलीप अपनी आत्मकथा लिखता है । आत्मकथा में गरीब माँ-बेटे का उल्लेख है । निम्नलिखित सहायक बिन्दुओं के आधार पर वह आत्मकथांश तैयार कीजिए ।

**सहायक बिंदु :**

- बच्चे से भेंट
- माँ की परेशानी
- माँ-बेटे का प्यार
- हेमा का दुःख और खोमचेवाले लड़के का दुःख-तुलना

HSSLIVE.IN